E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा)बाँका–31/2022 3708 **पटना, दिनांक** : 24/06/2025

आदेश

अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश तदनुसार निदेशालय ज्ञापांक–13210 दिनांक 07.08.2024 के आलोक में श्री संदीप कन्हैया (ASO00139), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, कटोरिया, शिविर–01 के विरुद्ध अपीलार्थी श्री भारतेन्दु कुमार (AEN02988) द्वारा दाखिल ऑडियो क्लिप की जाँच करने हेतु निदेशालय स्तर पर त्रि–स्तरीय जाँच टीम का गठन किया गया है।

त्रि–स्तरीय जाँच टीम द्वारा जाँच के क्रम में उपरोक्त दोनों विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का भौतिक उपस्थिति के साथ–साथ लिखित साक्ष्य/पक्ष एवं ऑडियो क्लिप की जाँच के आधार पर जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जिसमें अंकित है कि ऑडियो क्लिप इस तथ्य का पुख्ता प्रमाण प्रस्तुत करता है कि शिविर प्रभारी की उपस्थिति एवं अगुवाई में अमीनों एवं उपस्थित अन्य व्यक्तियों के बीच मासिक वसूली की जाने वाली राशि, माध्यम एवं समय सीमा, जिस अन्तर्गत इसे प्राप्त कराया जाना था, पर चर्चा की जा रही थी, जो इनके घोर भ्रष्ट आचरण की ओर इंगित करता है। साथ ही दोषी कर्मी के विरुद्ध अनुशासनिक एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन एवं अनुशंसा से स्पष्ट है कि आरोपी का यह कृत्य भ्रष्टाचार में संलिप्तता को प्रदर्शित करता है। ऐसे कर्मी को विशेष सर्वेक्षण जैसे आमजनों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में बनाये रखने से अन्य कर्मियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

अतः "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री संदीप कन्हैया (ASO00139), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका सम्प्रति बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

24/6

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा)बाँका–31/2022 3708 **पटना, दिनांक** : 24/06/2025

प्रतिलिपि : श्री संदीप कन्हैया, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (ASO00139), बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका सम्प्रति बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/6

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा)बाँका–31/2022 3708 **पटना, दिनांक** : 24/06/2025

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका/जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/6

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Kavita -Y-2025\Mohit Ji\Order\31-2022-23-06-2025.doc

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा)बाँका–31/2022 3708 **पटना, दिनांक** : 24/06/2025

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

24/6

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा)बाँका–31/2022 3708 **पटना, दिनांक** : 24/06/2025

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

24/6

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप